BSES

कस्टमर केयर सेंटरों में स्थित पेमेंट कियॉस्क्स पर नई सुविधा :

कियॉस्क पर क्रेडिट/ डेबिट कार्ड से भी कर पाएंगे बिल भुगतान

नई दिल्लीः 18 अप्रैल, 2011। अब बीआरपीएल के कस्टमर केयर सेंटरों में लगे बिल पेमेंट कियॉस्क्स पर, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड (विसा/ मास्टर कार्ड) से भी आप अपने बिजली बिल का भुगतान कर सकते हैं। एटीएम मशीनों की तरह दिखने वाले इन स्टेट ऑफ द आर्ट पेमेंट कियॉस्क्स पर अभी तक नकद, ड्राफ्ट व चेक के माध्यम से ही भुगतान हो सकता था। लेकिन उपभोक्ताओं की सुविधा को देखते हुए यह नई सेवा पेमेंट कियॉस्क्स में जोड़ी गई है।

इन बिल पेमेंट कियॉस्क्स की खासियत यह होगी कि ये सभी कस्टमर केयर सेंटरों पर सुबह 8 बजे से रात के 8 बजे तक काम करेंगे। बीआरपीएल के सभी 19 डिविजनों के कस्टमर केयर सेंटरों में ये कियॉस्क्स लगाए गए हैं। फिलहाल, 15 डिविजनों के उपभोक्ता क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड से भुगतान कर सकते हैं। बाकी बचे निजामुद्दीन, आरके पुरम, टैगोर गार्डन, और नजफगढ़ में लगे पेमेंट कियॉस्क्स भी जल्द ही क्रेडिट व डेबिट कार्ड से भुगतान लेना शुरू कर देंगे। सप्ताह के छह दिन यह भुगतान सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके पीछे उद्देश्य है, उपभोक्ताओं को बिना लाइन में लगे बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराना।

बिल पेमेंट कियॉस्क्स के माध्यम से बिल भुगतान के कई फायदे हैं। इसमें अगली पीढ़ी के बारकोड स्कैनर लगे हुए हैं और एमआईसीआर रीडर भी लगे हैं। यह पूरी तरह सुरक्षित है।

एटीएम की तरह दिखने व काम करने वाले इन इलेक्ट्रॉनिक बिल पेमेंट कियॉस्क की खास बातें ये हैं:

- वॉइस गाइडेंस सिस्टम – कियॉस्क में हिंदी और अंग्रेजी में अत्याधुनिक वॉइस गाइडेंस सिस्टम उपलब्ध होगा। इससे भुगतान के वक्त उपभोक्ताओं को मिलेगी मदद।
- भुगतान का सबूत– भुगतान करते ही, उपभोक्ताओं को मशीन द्वारा भुगतान के सबूत के तौर पर रसीद मिल जाएगी।
- एकमुश्त चेक/ कैश/ क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड से ही कर सकते हैं कई भुगतान– उपभोक्ता सिर्फ एक चेक या एकमुश्त कैश/ क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड से ही कई बिजली बिलों का भुगतान कर सकते हैं। खास बात यह है कि ऐसा करने पर भी उपभोक्ताओं को अलग–अलग बिल के लिए अलग–अलग रसीद मिलेगी।
- भुगतान कभी भी, कहीं भी– उपभोक्ता किसी भी कियॉस्क से भुगतान कर सकते हैं और अपनी सुविधा के अनुसार कभी भी भुगतान किया जा सकता है।
- नकद भी स्वीकार– ये मशीनें उपभोक्ताओं के क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड, चेक व डिमांड ड्राफ्ट तो स्वीकार करेंगी ही, साथ ही ये नकद भुगतान भी स्वीकार कर रही हैं।

बीआरपीएल सीईओ श्री गोपाल सक्सेना के मुताबिक, हम अपनी सभी सेवाओं में उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं को महत्व देते हैं। बीएसईएस उपभोक्ता करीब 5000 लोकेशनों पर अपने बिलों का भुगतान कर सकते हैं। इसमें बीएसईएस कैश काउंटरों के अलावा, नेट बैंकिंग, क्रेडट कार्ड, ऑटो डेबिट, मिंक बिल बॉक्सेज (मेटो स्टेशनों पर), एसएमएस, फोन, इंटरनेट, ईजी बिल आउटलेट्स, इट्ज काड्र्स, ऑक्सीजन आउटलेट्स, बिल पेंमेंट कियॉस्क्स, स्काईपैक ड्रॉप बॉक्सेज, प्रोजेक्ट निकट ड्रॉप बॉक्सेज, जीवन सेंटर आदि के माध्यम से भी बिजली बिलों का भुगतान किया जा सकता है।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस अपने मूल्यवान उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

समय बचाएं, ईंधन बचाएं, पैसे बचाएं – **www.bsesdelhi.com** पर लॉगऑन करें

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: प्रशान्त दुआ
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 39999870/ 9312007822

चंद्र पी कामत
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 3999415/ 9350130304